an>

Title : Establishment of a 100-bedded Hospital under National Health Mission in Bhadohi District, Uttar Pradesh-Laid

श्री रमेश बिन्द (भदोही): भदोही जिले की स्थापना 30 जून 1994 को हुई थी और इस जिले को बने हुए 28 वर्ष होने जा रहे हैं । लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे जिले में वर्तमान में एक भी जिला अस्पताल नहीं है । 90 प्रतिशत से अधिक कालीन का निर्यात भदोही से होता है । 2011 जनगणना के अनुसार भदोही जिले की जनसँख्या 15 लाख से अधिक है और जनवरी 2008 में तत्कालीन बसपा सरकार ने जिले के लिए 14 करोड़ रूपये की लागत से 100 बिस्तरों के अस्पताल की स्वीकृति दी थी और भूमि पूजन भी किया गया था । 14 साल बीत गए है और पिछली सरकारों के समय हुई कथित अनियमितताओं के कारण इस अस्पताल का कार्य अभी भी पूरा नहीं हुआ है और वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस पर जाँच के आदेश भी दिए है । अस्पताल और मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएँ ना होने के कारण जनता को कितनी असुविधा हुई है वो मैंने व्यक्तिगत स्तर पर कोरोना महामारी के समय देखा है । गंभीर रोग के उपचार के लिए मरीजों को वाराणसी या गोरखपुर जाना पड़ता था जिसके परिणामस्वरूप उन्हें आर्थिक असुविधा होती है । मेरा सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय से निवेदन है कि भदोही जिले में 100 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल के निर्माण का कार्य केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एक समय सीमा में किया जाए ।